***प्रेस विज्ञप्ति***

***दिनांक- 23.11.2023***

***जनपद सोनभद्र***

***सोनभद्र पुलिस का अनवरत प्रहार, मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, एक बोलेरो से 90 किलो मादक पदार्थ गांजा (अनुमानित कीमत गांजा रु0 4 लाख 50 हजार) बरामद-***

सीमावर्ती राज्यों में चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध सोनभद्र पुलिस के निरन्तर प्रहार की कड़ी में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) श्री त्रिभुवन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी सदर श्री संजीव कटियार के पर्यवेक्षण में थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा अपने प्रभावी धरातलीय आसूचना संजाल के इनपुट से दिनांक 22.11.2023 को समय लगभग 14.25 बजे वाहन चेकिंग के दौरान ग्राम रामपुर रपटा टोला के पास से 01 अदद बोलेरो वाहन संख्या- JH01R5111 से 01 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर को 90 किलो अवैध गांजा (अनुमानित कीमत गांजा रु0-04 लाख 50 हजार) के साथ गिरफ्तार किया गया। इस गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रामपुर बरकोनिया पर मु0अ0सं0-51/2023 धारा 8/20 NDPS Act का अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है

***घटना का संक्षिप्त विवरण –*** दिनांक 22.11.2033 को थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान बिहार प्रांत से गांजा लेकर कहीं दूसरी जगह बेचने के लिए ले जाते है रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा थाना रामपुर बरकोनिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रामपुर रपटा टोला से 01 अदद बोलेरो संख्या- JH01R5111 से बिहार से बेचने के लिए दूसरी जगह ले जा रहे थे 01 अन्तर्राज्यीय तस्कर को प्लास्टिक की 03 बोरियों में भरी (छोटो बण्डलो में कुल 44 बण्डल) 90 किलो अवैध गांजा (अनुमानित कीमत गांजा रु0 04 लाख) के साथ गिरफ्तार किया गया।

***विवरण पूछताछ-*** पूछताछ करने पर तस्कर द्वारा बताया गया कि मै चालक हूँ मेरे मालिक जो गाड़ी में ही बैठे थे वही बताते है कि कहां जाना है दोनो लोगो द्वारा गाड़ी चलवाकर माल को एक जगह से दूसरी जगह पहुचाया जाता है यह दोनो लोग काफी पहले से धन्धा करते है मुझे पहुचाने का 10 से 15 हजार रुपये एक चक्कर का देते है । हम लोग यह काम पहले भी कई बार कर चुके हैं।

***गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण –***

1.अमित कुमार साह उर्फ राजन पुत्र कन्हैया साह, निवासी ग्राम दहार, थाना अधौरा, जनपद कैमूर भभुआ (बिहार) उम्र लगभग 22 वर्ष।

***वांछित अभियुक्तगण-***

1.कविन्द्र यादव पुत्र शिवबचन यादव, निवासी ग्राम दिघार, थाना अधौरा, जनपद कैमूर भभुआ (बिहार)

2.शिवाधार यादव पुत्र दीनानाथ यादव, निवासी ग्राम कुरुआसोत, थाना अधौरा, जनपद कैमूर भभुआ (बिहार)

***बरामदगी का विवरण-***

1. 90 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा (अनुमानित कीमत 04 लाख 50 हजार रुपये)
2. 01 अदद बोलेरो संख्या- JH01R5111 (अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये)।
3. 01 अदद मोबाइल फोन।

***गिरफ्तारी /बरामदगी में सम्मिलित पुलिस टीम का विवरणः-***

1. प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र।

2.हे0का0 तबरेज खाँ, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र 3. हे0का0 गोबिन्द सिंह यादव, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र 4. हे0का0 चालक अमरनाथ सिंह, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र 5. का0 बब्बल सिंह यादव, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र 6. का0 अखिलेश यादव, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र।